तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 जुलाई 2024

[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]



श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग

हुडको, भिलाई (छ.ग.)

(2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc.(N)

M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 9926129192

For Online Admission

Visit : www.sscnbhilai.com

**रिमझिम सावन की झड़ी में मंदिरों में गूंजा हर हर महादेव**

# सावन के प्रथम सोमवार को श्रद्धालुओं ने महादेव की पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सावन महीने के पहले सोमवार 22 जुलाई को जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालय में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भक्ति के साथ जहां पूजा कर आशीर्वाद मांगा। वहीं, रिमझिम बारिश के बीच हर हर महादेव की गूंज मंदिरों में होती रही। सावन के पहले सोमवार को सुबह से ही लोग जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न स्थानों पर स्थित देवालय में पहुंचे और वहां पर भगवान भोलेनाथ का दूध, घी ,दही ,गंगाजल से अभिषेक किया ,तदुपरांत चंदन ,अक्षत ,बेलपत्र ,भांग ,धतूरा ,कनेर के फूल, शमी पत्ता आदि अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। साथ ही श्रीफल भेंट कर आरती की गई। अंत में भगवान श्री



भोले नाथ महादेव से आशीर्वाद मांगा। अवसर पर कई लोगों ने आचार्य विभिन्न आचार्यों के सानिध्य में दुग्ध अभिषेक विधि-विधान पूर्वक भी संपन्न किए। वहीं, बहुत से श्रद्धालुओं ने सावन सोमवार को दिन भर उपवास रहे और शाम को अपने अनुसार फलाहारी आदि कर के उपवास को तोड़ा गया। नगर जिला मुख्यालय में स्थित विभिन्न महादेव के मंदिरों के अलावा राम मंदिर कृष्ण मंदिर में भी स्थित महादेव के पूजा अर्चना श्रद्धा भक्ति के साथ किया गया। इसी तरह श्री राधा कृष्ण मंदिर स्थित शिव मंदिर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार में महिलाएं पूजा करती रही।

## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से चखना दुकान संचालक की मौत

**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र अंतर्गत 20 जुलाई की रात्रि लगभग 9 बजे कार की ठोकर से चखना ठेला



चलाने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वाहन कार क्रमांक सीजी 10 इके4499 के चालक ने चखना ठेला चलाने वाले डौकीडीह निवासी दुष्यंत साहू पिता हरीराम साहू उम्र 56 वर्ष को ठोकर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे अंडा पुलिस ने 112 वाहन के माध्यम से शासकीय जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया। मृतक दुष्यंत साहू के सिर पर गंभीर चोट लगा था घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना अंडा से जानकारी अनुसार धारा-194 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर जांच की जा रही है।

### बॉक्सिंग स्पर्धा में जिले के खिलाड़ियों ने जीते पदक



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय थाई बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बालोद जिला के खिलाड़ियों ने अपने अपने वर्ग में पदक जीतकर बालोद जिला को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में 18 से 20 जुलाई तक किया गया। प्रतियोगिता में प्रशान्त सेन सीनियर वर्ग 51 किलोग्राम में रजत पदक, आयुष जसूजा जूनियर वर्ग 62 किलोग्राम में कांस्य पदक, वासु साहू जूनियर वर्ग 46 किलोग्राम में कांस्य पदक एवं निहाल साहू जूनियर वर्ग 43 किलोग्राम में कांस्य पदक जीतकर बालोद जिला का नाम रोशन किया है। इन सभी खिलाड़ियों का अभ्यास स्थान ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब जो बालोद में है। इन सभी खिलाड़ियों की इस विशेष उपलब्धियों पर नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### गुरुपूर्णिमा पर बाबा दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में गुरुपूर्णिमा महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 10 बजे से गुरु पूजन हवन शान्ति पाठ किया गया। उसके बाद श्रद्धा सुमन मानस परिवार उतई, गायिका मालती निषाद और उनकी सिया के राम भजन मंडली खट्टी अभनपुर द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। इसी तरह कनक सिया मानस परिवार कटंगी गन्डई की 8 साल की बालिका ने भगवान भोलेनाथ एवं श्री राम के भजन सुनाए। उसके बाद ओम आदित्य मानस परिवार संतोष ढीम़र विनीता ढीम़र ख्याति मंडली द्वारा रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक कथा का रसपान कराया। कार्यक्रम में अतिथियों का दरबार के भक्तों द्वारा श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लगभग 5000 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंड़ा, राजू यादव, विनोद साहू, गुलाब साहू, मनसुखा साहू, रूपलाई साहू, चंद्रकांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**मौसम : अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे पर आई रौनक**

# सावन की झड़ी खेत-खलिहान, तालाब लबालब, नदी-नालों में भी बढ़ा जलस्तर







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सावन के आगाज के साथ समूचे जिले में रविवार सोमवार से जारी निरन्तर बारिश का असर चारों विकासखण्ड इलाकों में दिखाई देने लगा है। जहाँ समूचे एरिया में जमकर बरसात होने से खेत-खलिहान जलमग्न हो चुके हैं। वहीं, हालत यह है कि खेतों के अतिरिक्त पानी अब नालो की शक्ल में नदियों में जाकर समाने लगा है।

इससे पूरे जिलाक्षेत्र में नदी-नालों पर उफान की स्थिति देखने को मिल रही है। देखा जाए तो पखवाड़े भर पूर्व वर्षा के अभाव में फसलों पर प्रभाव एवं नदी-नालों पर जल की कमी दिख रही थी। उसकी सारी कसर विगत तीन-चार दिनों की बारिश ने पूरी कर दी है। इस मौसमी असर से जिलाभर के किसान बन्धु काफी उत्साहित होकर खेतीबाड़ी में जमकर जुट गए हैं एवं अपने खेतों में पानी की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता को देखकर पारम्परिक रोपण पद्धति से धान के पौधे लगाने में लग गए हैं। वहीं, कई किसान खेतों में



खरपतवार की निंदाई में जुटे हुए हैं, जबकि ज्यादातर किसान परिवार अब खेतों में एकत्रित वर्षा के अधिक जल को निकासी मार्ग के सहारे बाहर निकालने में मग्न नज़र आ रहे है। लिहाजा खेतों का पानी अब नालों में उलटकर नदियों में पहुंच रहा है। फलस्वरूप ज़लिाक्षेत्र की सदाबहार शिवनाथ नदी एवं उसकी सहायक खारुन नदी, हॉफ नदी, सुरही नदी सहित तालाबो, नहरों व जलाशयों में वर्षामय पानी दिखाई देने लगा है एवं नदी-नालों में जल की तेज धारा व भवर भी देखने को मिल रहा है। साथ ही सभी जगह जलस्त्रोतों के जलस्तर में काफी बढ़ोतरी नज़र आने लगा है। जबकि मौसम विभाग की माने तो आगामी दो-दिनों में इसी तरह चारो ब्लॉकक्षेत्र में धुंआधार व अनवरत बारिशनुमा मौसम के बने रहने की आशंका जताई जा रही है जो फिलहाल की स्थिति में धान की फसलों के काफी अनुकूल माना जा रहा है। परिणामस्वरूप हफ्तेभर बरसात का असर इसी तरह रहा तो सारे खेत-खलिहान जलमग्न नज़र आ सकते है एवं नदी-नालों में बाढ़-सी परिस्थिति की सम्भावना बढ़ सकती है। जिलेवासियों द्वारा फिलहाल बरसात के सीजन में जमकर बरसने की उम्मीद की जा रही है जो खेती-किसानी कार्य करने में सहायक साबित होंगे। हालांकि इन दिनों सभी 09 तहसील के एरिया में निरन्तर वर्षामय स्थिति से पूरा एरिया पानी से सराबोर एवं लबालब हो गया है, जो नदी-नालों के जलस्तर बढ़ने का असल कारण है। वही जिलेवासी सावन के दस्तक पर मानसून की जबरदस्त वापसी को लेकर काफी खुश एवं उत्साहित है।

### जिले में अब तक 229 मिमी औसत वर्षा दर्ज

चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 22 जुलाई तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 229 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील साजा में 331 मि.मी. तथा न्यूनतम 173.8 मि.मी. वर्षा भिंभौरी तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 221.8 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 198.7 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 187.6 मि.मी., देवकर तहसील में 302 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 188 मि.मी., वर्षा नवागढ़ तहसील में 174.7 मि.मी. एवं दाढ़ी तहसील में 283.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# देवकर-खम्हरिया मार्ग पर भोजेपारा में पुलिया से ऊपर बहने लगा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सड़क व पुलिया के बह जाने का बढ़ा खतरा

पीडब्ल्यूडी सब डिवीजन साजा अंतर्गत देवकर-खम्हरिया मार्ग पर ग्राम भोजेपारा के बीच हर साल की तरह खेतों के वर्षा जल के कारण निकासी पुलिया के ऊपर की सड़क परत-दर-परत ध्वस्त होकर पानी के तेज बहाव में बह रही है। यदि इस ओर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो जरूर इलाके में आवाजाही बाधित होकर प्रभावित हो सकती है।

दरअसल सड़क के एक ओर ग्राम काँचरी खार से पानी बहकर भोजेपारा के बांधा तालाब में एकत्रित होता है, जो बाद में पुलिया के सहारे सड़क को पार करता है। चूंकि पुलिया छोटी होने एवं तालाब की तुलना में सड़क नीचे होने से पानी पुलिया के साथ ही तेज धारा के तब्दील होकर सड़क के ऊपर से ही बहने लगता है। यह स्थिति हर साल बरसात में दिखाई देती है। इसी का परिणाम है कि इस बार भी एरिया में बारिश के लगातार प्रभाव का असर क्षेत्र पर दिखाई पड़ने लगा है। आलम यह है कि पुलिया के पास सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गयी है जो किसी सड़क दुर्घटना को खुला दावत माना जा रहा है। वहीं सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अभी तक मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। इसके कारण कभी भी अनहोनी की आशंका बढ़ गई है।

### गुजरते हैं हजारों वाहन

ग्रामीणों व सड़क मुसाफिरों का कहना है कि देवकर-खम्हरिया मार्ग की इस सड़क पर ब्लॉक मुख्यालय जाने रोजाना इस सड़क से हज़ारों वाहन ग़ुजरते हैं इसलिए मामला काफी गम्भीर हो जाता है, फिर भी इसका स्थायी व्यवस्था नहीं की जाती। कामचलाऊ रूप से काम का नतीजा यह है कि हर साल बरसात में इस सड़क के कारण राहगीरों को काफी परेशानी होती है। लोगों ने इस संबंध में शीघ्र कदम उठाने की मांग की है।

**गवर्नमेंट एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

# हाई कोर्ट का फैसला आने तक सभी प्रकार की पदोन्नति पर लगाएं रोक

**बेमेतरा।** पदोन्नति में आरक्षण सहित सात सूत्रीय मांग को लेकर गवर्नमेंट एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सोमवार जिला कार्यालय पहुंच कलेक्टर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष खेमसिंह बारले ने मांगों के संबंध में कलेक्टर से विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि कैसे पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लाखों शासकीय पदों पर बिना आरक्षण पदोन्नति दे दिया गया। पिछली सरकार द्वारा गठित पिंगुआ कमेटी की परिणामों को नजरअंदाज करते हुए एक खानापूर्ति तक सीमित रखा गया। उन्होंने बताया





कि वर्तमान सरकार द्वारा भी हाल ही में अनुसूचित जाति, जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के मात्रात्मक पदों की गणना के लिए पुनः कमेटी गठित किया गया है। और हमारी मांग है कि हाई कोर्ट के फैसला आते तक सभी प्रकार की पदों में पदोन्नति पर रोक हो । इस दौरान कलेक्टर इस बिंदुओं को तत्काल सरकार से कार्यवाही हेतु भेजने की बात कही गई । ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष खेमसिंह बारले, प्रदेश संगठन सचिव चेतन कुमार चतुर्वेदी, ब्लाक अध्यक्ष नवागढ़ बृजपाल डाहिरे ,अनिल बंजारे,बसंत घोष, दौलत टंडन ,प्रवीण कुमार बघेल, जितेंद्र कुमार बंजारे , लेखू दास बंजारे ,बोधी दास बंजारे ,भूषण मोहल्ले, सीताराम जांगड़े ,श्याम नारायण चतुर्वेदी, गंगाधर कुलकर्णी ,बाबूलाल गोयल ,चुन्नू दास चतुर्वेदी ,चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी, जितेन्द्र बघेल, प्रशांत माथुर व अन्य उपस्थित रहे।

### बगलेड़ी मार्ग बंद होने की कगार पर...



**साजा।** अंचल में भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आने लगे हैं। ग्राम बगलेड़ी मार्ग फिर बंद होने की स्थिति में है। प्रतिवर्ष होने वाली बारिश के बाद इस गांव का संपर्क पूरी तरह कट जाता है। बीते वर्ष भी यह गांव कई दिनों तक बंद रहा। लेकिन, प्रशासन द्वारा इससे कोई सबक नहीं लिया। इसके चलते ग्रामीणों को फिर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

**समय पर बारिश नहीं होने से प्रभावित हुआ सब्जियों का उत्पादन**

# हरी सब्जियों पर महंगाई की मार, गरीब-मध्यम वर्ग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हरी सब्जियों के बढ़े दाम ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। सब्जियों के बढ़े दाम से गरीब मध्यम वर्ग खासा परेशान है। उनकी थाली से हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। सब्जी व्यवसायी का कहना है कि समय पर बारिश नहीं होने से सब्जियों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। कम आवक से सब्जियों के दाम में तेजी आई है, बोनी के समय पानी की आपूर्ति नहीं होने से सब्जी बाड़ी की फसल सूख गई। पौधे खराब हो गए। उनका कहना है कि अगस्त के मध्य में बंपर आवक होने पर रेट सामान्य हो सकते हैं। आम आदमी हरी सब्जियों की बजाय किराना दुकानों से सूखी सब्जियां खरीदकर काम चला रहे हैं। शहर के बाजार में सोमवार की शाम 4 बजे रिमझिम बारिश के बीच ग्राहकों की काफी भीड़ नजर



आई। रेट अधिक होने से खरीदारी कम की। रेट पूछकर आगे बढ़ते गए। सब्जी विक्रेता राजू ने बताया कि इस सप्ताह धनिया हरा, मुनगा, अदरक 150 मूली 30 रूपए किलो रहा। लौकी 20 रूपए किलो बिका।

### किराना सामान की कीमत

बारिश के मौसम में पिछले पखवाड़े भर से किराना सामान के रेट स्थिर हैं। किराना व्यापारी ने बताया कि रविवार को आलू 40, प्याज 40, शक्कर 42, गुड़ 50, हल्दी 170, मिर्च 200, धनिया 110, जीरा 330, काली मिर्च 780, लहसुन 190, रिफाइंड तेल पाउच 110, सरसों 70, मेथी 85, राहर दाल 170, मूंग दाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चना 80, काबुलीचना 120, मटर 100, चना दाल 90 रूपए किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 75 रूपए दर्जन रहा। मौसमी सब्जी खेखसी 350 रूपए किलो रहा।

ग्वारफली, टमाटर, गोभी, मिर्च, ढेंस, शिमला मिर्च 80 रूपए किलो बिका। कोचई 60 रूपए तो करेला, पत्तागोभी, तोराई, परवल, टिंडा 50 रूपए किलो रहा। गाजर, बरबटी, भिंडी, कुम्हड़ा, डोड़का 40 रूपए किलो बिका। भटा, कुंदरू, केला के भाव में भी जोरदार उछाल है ।

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

**बालोद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम रानीतराई में एक व्यक्ति की रेलवे ट्रैक पर कटी लाश मिली है। मामला आत्महत्या का या कुछ और है यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम तरौद निवासी बिरेंद्र यादव उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में हुई है, जो रोजाना सुबह ट्रेन में बैठकर मड़ोदा काम पर जाता था। रविवार को सुबह घर से मड़ोदा जाने के लिए घर से निकला, लेकिन रात को वापस घर नहीं पहुंचा, लेकिन उसकी लाश कई टुकड़ों में क्षतिग्रस्त हालत में पुलिस को रेलवे ट्रैक में पड़ी मिली। हालांकि सिर का हिस्सा चपेट में नहीं आने से मृतक की पहचान आसानी से हो पाई।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# गृहमंत्री शर्मा बोले- छह महीने में 145 नक्सली मारे गए, 633 गिरफ्तार, 526 ने किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा के सबसे बड़े मसले नक्सलवाद पर लगातार प्रहार जारी है।

अभी तक विभिन्न मुठभेड़ों में 145 नक्सली मारे गए हैं और लगभग 633 गिरफ्तार हुए हैं। 526 ने आत्मसमर्पण किया। श्री शर्मा ने कहा, सरकार यह मानती है कि नक्सलवाद का खात्मा केवल मुठभेड़ से नहीं हो सकता, मुख्य विषय उन क्षेत्रों का विकास करना भी है।

## भाजपा सरकार में अपराध हुए कम, कांग्रेस झूठ बोलकर भ्रम फैलाने में लगी

### पिछली सरकार के मामले अभी हुए दर्ज

गृहमंत्री ने कहा कि हमने अभी तक पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुए सैकड़ों मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। छोटे-मोटे मामले छोड़कर गंभीर मामलों में हमने 337 गिरफ्तारियां की हैं। श्री शर्मा ने कहा, सरकार का यह संकल्प है कि यहां अपराधियों को सजा जरूर दी जाएगी। हमने जो मामले दर्ज किए हैं, उनमें हत्या, हत्या के प्रयास, अनाचार जैसे गंभीर मामले हैं, जिसे पूर्ववर्ती सरकार ने दर्ज नहीं किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के राज में आवेदन करने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं होती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने तय किया कि एफआईआर को रोककर आंकड़ों का खेल नहीं खेलना है।



### नक्सल पर कांग्रेस नहीं थी गंभीर

श्री शर्मा ने रविवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि 2018 से लेकर 2023 तक 5 वर्ष के कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है कि सरकार नक्सल समस्या को लेकर गंभीर नहीं थी और यह बात आंकड़े भी कहते हैं। कांग्रेस शासनकाल और भाजपा के सात माह के मौजूदा कार्यकाल के वर्षवार नक्सली अपराध एवं पुलिस कार्रवाई की संख्यात्मक जानकारी देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार न केवल नक्सल समस्या को लेकर लापरवाह रही, अपितु छत्तीसगढ़ की कानून-व्यवस्था को उन्होंने अपराधियों के हाथ में गिरवी रख दिया था।

### दिया पंजीबद्ध अपराधों का तुलनात्मक ब्योरा

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा, आंकड़े बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में अपराध कम हुए हैं। प्रदेश में भारतीय दण्ड विधान के पंजीबद्ध अपराधों का तुलनात्मक ब्योरा देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि राज्य में विशेष स्थानीय अधिनियम के अंतर्गत 9037 मामलों में, स्थापक औषधि एवं मनः प्रभागी पदार्थ अधि. 1995 के तहत 205, आबकारी अधिनियम 1815 के तहत 15500 मामलों में कार्रवाई की गई। राज्य में एनडीपीएस एक्ट के 809 प्रकरण में से 10 बड़े प्रकरणों में लगभग 16 करोड़ 9 लाख 50 हजार 260 कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए गए। श्री शर्मा ने कहा, आंकड़े बता रहे हैं कि एफआईआर करने के बाद भी इन आंकड़ों में कैसे कमी आ रही है। इन सारे तथ्यों के बाद भी कांग्रेस झूठ बोलकर भ्रम फैलाने में लगी है, क्योंकि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा ही नहीं है और तथ्य व सत्य से कांग्रेस का दूर-दूर कोई वास्ता नहीं है। वह सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध कर रही है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा मोबाइल-एलईडी पार

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ अपने सूने मकान से नकदी 15 हजार रुपए, मोबाइल समेत एलईडी टीवी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सर्वोदय कॉलोनी निवासी जाबिर खान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

### मरीन ड्राइव में दबिश फूड स्टॉल पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम अमले ने रविवार रात तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव के पास खाद्य दुकानों में गंदगी की शिकायत मिलने पर औचक निरीक्षण किया।.इस दौरान स्थल पर खाद्य दुकानों के किचन में गंदगी, दुकान में सफाई का अभाव पाए जाने संबंधित शिकायत सही पाई गई। किचन में गंदगी, डिस्पोजल, अपशिष्ट खाद्य सामग्री मिलने पर सीप एंड बाइट के संचालक पर 30 हजार रुपये, संपूर्ण दस्तावेज नहीं मिलने पर मद्रासी ग्रिल के संचालक पर 25 हजार रुपए जुर्माना किया। सम्पूर्ण दस्तावेज नहीं मिलने और भारी गंदगी मिलने पर डोसा जंक्शन के संचालक पर 15 हजार रुपए, क्रीम एंड स्टोन के संचालक पर अपशिष्ट खाद्य सामग्री मिलने पर 3 हजार रुपए, लिट्टी चोखा और डेली स्पेशल नाम से सड़क पर कब्जा जमाकर अवैध रूप से व्यवसायरत दो ठेला संचालकों पर 5-5 हजार रुपए जुर्माना किया।

## जिले में सुगम्य भारत अभियान के तहत कराए गए एक्सेस ऑडिट का ऐसा हाल

# दिव्यांगों के लिए 23 सरकारी भवनों में रैम्प-लिफ्ट, 58 दफ्तरों में सुविधा ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

सरकारी दफ्तरों और स्कूल-कॉलेजों में दिव्यांग बिना किसी सहारे के सुगमता से आना-जाना कर सकें, इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने सात साल पहले एक्सेस ऑडिट रिपोर्ट तैयार की थी। पहले फेज में 23 सरकारी भवनों में ही यह सुविधा दी जा सकी है। वहीं दूसरे फेज का काम कराने कोई पहल ही नहीं हुई। लिहाजा जिले के 58 शासकीय भवनों में अभी तक यह सुविधा नहीं है। योजना आगे बढ़ पाती, उसके पहले ही संबंधित अफसरों की जिम्मेदारी में बदलाव कर दिया गया। इससे रैम्प व लिफ्ट लगाने की प्रक्रिया ठंडे बस्ते में है।

जिले में दिव्यांगों के लिए बनाए गए सुगम्य भारत अभियान का हाल-बेहाल है। यह खुलासा सात साल पहले कराए गए एक्सेस ऑडिट रिपोर्ट की पड़ताल में हुआ है। इसमें पता चला है कि समाज कल्याण विभाग ने ऐसे 81 सरकारी भवनों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार की थी। इन भवनों में दिव्यांगों के लिए बाधारहित रैम्प बनवाने की जरूरत बताई गई। उनमें पहले फेज में शहर के 23 सरकारी भवनों व सरकारी स्कूल-कॉलेजों में दिव्यांगों के लिए रैम्प व लिफ्ट के लिए केंद्र शासन से मिला फंड भी समाज कल्याण विभाग ने जारी किया। इसके बाद से विभाग ने किन भवनों में निर्माण पूरा किया, इसकी रिपोर्ट जांचने के बाद शासन के माध्यम से केंद्र को भेजने के बाद अफसरों ने चुप्पी साथ ली। इससे जिन भवनों में रैम्प बनवाने की प्रक्रिया दूसरे फेज में होने की बात कही गई, वहां अभी काम शुरू होना तो दूर, काम कराने के लिए शासन से फंड भी नहीं मिला है।





### 23 जगह निर्माण के लिए मिला बजट

समाज कल्याण विभाग के मुताबिक, अभी तक शहर के 23 सरकारी भवनों ही नहीं, स्कूलों व कॉलेजों में दिव्यांगों के लिए रैम्प बनाने के लिए पहले फेज में 20 अप्रैल 2018 को 6 करोड़ 88 लाख 59 हजार 168 रुपए एजेंसियों को जारी किए गए। उन स्थानों पर दिव्यांगों के लिए रैम्प बनवाने के बाद राज्य शासन के माध्यम से केंद्र को रिपोर्ट भेजी गई। इसके बाद बचे हुए भवनों की सुध विभाग ने नहीं ली। नतीजा यह है कि अभी तक दूसरे फेज में होने वाले काम के लिए बजट ही नहीं मिला है। रिपोर्ट केंद्र शासन को भेजने के बाद प्रक्रिया अटकी है।

### 23 भवनों की भेजी रिपोर्ट

जिन 23 भवनों के लिए विभाग को फंड मिला था, उनमें रैम्प व लिफ्ट लगवाने के बाद रिपोर्ट भेजी गई है। विभाग की एक्सेस ऑडिट रिपोर्ट के तहत बचे हुए भवनों की जिम्मेदारी गृह निर्माण मंडल को दी गई है, वहां से अभी तक कोई अपडेट नहीं मिला है। - **नदीम काजी,** प्रभारी संयुक्त संचालक, समाज कल्याण विभाग, रायपुर

### निर्माण के साथ रैम्प का नियम

अभी तक विभाग ने 58 भवनों में बाधारहित निर्माण कराने में रुचि नहीं दिखाई है। इससे तहसील कार्यालय, जिला पंचायत भवन सहित ऐसे 10 से ज्यादा सरकारी भवन हैं, जहां बाधारहित रैम्प निर्माण नहीं हो पाए हैं। केंद्र शासन को किसी प्रकार का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इससे दूसरे फेज का काम शुरू नहीं हो सका है। बचे हुए भवनों में 20 से ज्यादा सरकारी स्कूल-कॉलेज भी शामिल हैं। अब नए भवनों को बनाते समय रैम्प व लिफ्ट का निर्माण कराने का प्रावधान कर जिम्मेदारों ने चुप्पी साध ली है। बचे हुए भवनों में मुख्य डाकघर भी शामिल है।

### इस कारण बनाई योजना

केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक सुगम्य भारत अभियान देशभर में लागू किया गया है। इसमें तय प्रावधान के तहत बहुमंजिला भवनों में दिव्यांग आसानी से आना-जाना कर सकें, इस लिहाज से उनके लिए रैम्प बनाने और लिफ्ट लगवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। यह पहल इसलिए की गई, ताकि दिव्यांग बिना किसी सहारे के आसानी से अफसरों तक पहुंच सकें। इसके लिए हर बहुमंजिला भवन में दिव्यांगों के लिए रैम्प व लिफ्ट की सुविधा देने का प्रावधान है। इसे बनवाने में किए जा रहे विलंब के चलते अभी तक 58 भवन रैम्प विहीन हैं।

# पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए बनी समिति

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव राजेश राणा की अध्यक्षता में समिति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए सरकार ने एक समिति का गठन कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पंचायत सचिव दिवस के अवसर पर प्रदेश पंचायत सचिव संघ, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में पंचायत सचिव संघ के शासकीयकरण की मांग पर घोषणा की थी कि इसके कियान्वयन के लिए समिति का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग एवं इसके क्रियान्वयन के विचार के लिए समिति बनाई गई है। सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राजेश सिंह राणा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संचालक, पंचायत संचालनालय प्रियंका ऋषि महोबिया को सदस्य सचिव तथा वित्त नियंत्रक, विकास आयुक्त कार्यालय मो. यूनूस को सदस्य बनाया गया है। यह समिति 30 दिनों के भीतर अपना प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत करेगी।

### बढ़ेगा वेतन मिलेंगी सुविधाएं




### साढ़े दस हजार से अधिक पंचायत सचिव

छत्तीसगढ़ में इस समय 10 हजार 555 पंचायत सचिव काम कर रहे हैं। बताया गया है कि इनमें से 15 साल से अधिक सेवा वालों की संख्या 6 हजार से अधिक है। इन्हें अभी 47 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिलता है। बाकी बचे पंचायत सचिव, जिनकी सेवा 15 साल से कम है, उन्हें 20 से 25 हजार रुपए वेतन मिलता है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की घोषणा मोदी की गारंटी के रूप में की थी। शासकीयकरण होने के बाद 15 साल से अधिक सेवा वालों का वेतन नहीं बढ़ेगा। 15 साल से कम वालों का वेतन बढ़ेगा, लेकिन सभी पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मी के रूप में मिलने वाली सुविधाओं के साथ ओपीएस पेंशन योजना का लाभ भी मिलेगा।

# जैतखाम पर गठित समिति ने बैज को सौंपी रिपोर्ट, इंटेलिजेंस फेल इसलिए घटना



- बलौदाबाजार हंगामा और आगजनी केस में कांग्रेस की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बलौदाबाजार में हुई आगजनी और तोड़फोड़ को लेकर कांग्रेस की एक जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को सौंप दी है। रिपोर्ट में ये आरोप लगाया है कि हंगामा और आगजनी सरकार की बड़ी विफलता रही। सरकार की खुफिया एजेंसी इस बात का पता लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई। कांग्रेस की जांच कमेटी पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में बनाई गई थी।

डॉ. डहरिया ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया कि 15 मई की दरमियानी रात गिरौदपुरी के महकोनी गांव के जैतखाम को अज्ञात लोगों ने नुकसान पहुंचाया। 17 मई को सतनामी समाज ने उक्त घटना के खिलाफ गिरौदपुरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मुद्दे पर जानबूझकर जांच की दिशा को डायवर्ट किया गया। सरकार ने अपनी बला टालने के लिए कांग्रेस पर आरोप मढ़ा। उन्होंने कहा, नागपुर से भी लोग यहां पहुंचे थे। हमारी मांग है कि निष्पक्ष जांच होऔर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

### डहरिया का दावा

जांच रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन ने बिहार प्रांत के तीन लोगों को आनन-फानन घटना का दोषी मानकर पकड़ लिया। पुलिस द्वारा यह बताया गया कि एक ठेकेदार के अंदर में काम करने वाले मजदूर थे। मजदूरी नहीं मिलने पर गुस्से में जैतखाम को नुकसान पहुंचाया। समाज विशेष के लोग इससे नाराज थे, जो कार्रवाई पुलिस ने की, उससे भी वे असंतुष्ट थे। समाज के लोग जांच की मांग कर रहे थे। पुलिस और प्रशासन ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया, जिसके बाद गिरौदपुरी में एक बैठक हुई।

### 24 को विधानसभा घेराव

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ सरकार को कुंभकर्णी नींद से जगाने कांग्रेस 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव करेगी। घेराव के लिए हमारी तैयारियां पूरी हैं, हजारों की संख्या में कांग्रेसजन विधानसभा कूच करेंगे। विधानसभा घेराव शांतिपूर्ण और आक्रामक होगा। यह आंदोलन जनता की जान-माल की रक्षा के लिए भाजपा की निकम्मी सरकार के प्रति आम आदमी का प्रतिकार होगा।

### असामाजिक तत्वों ने की आगजनी-तोड़फोड़

पूर्व मंत्री ने अपनी जांच रिपोर्ट में दावा किया है कि सरकार और प्रशासन के समुचित संज्ञान न लिए जाने पर 7 जून को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में समाज के पदाधिकारियों के साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े भी शामिल थे। 10 जून को बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में सुबह से ही भारी संख्या में लोगों का आना-जाना शुरू हो गया था। लगभग 10 हजार की भीड़ इकट्ठी हुई और तीन घंटे तक सभा हुई। सभा के बाद रैली निकालकर कलेक्ट्रेट तक गए, इस दौरान असामाजिक तत्वों ने घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया।

## कार चोरी, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में अपनी बीमार बहन को देखने गए शाहिद खान की कार को चोरी करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसमें गुरप्रीत सिंह बसना थाना के गढ़ फुलझर का रहने वाला है। वहीं दूसरा आरोपी ललित यादव दलदल सिवनी पंडरी का रहवासी है और पुराना चाकूबाज है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फूटेज खंगाले तो आरोपी का हुलिया सामने आया। इस आधार पर उनकी पतासाजी की गई और आरोपी धरे गए। उनसे तूफान वाहन कीमत करीब ढाई लाख रुपए बरामद कर लिया गया है।

## साय ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन से की मुलाकात...



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री रविवार को बालोद और रायगढ़ जिले के दौरे से लौटने के बाद हेलीपैड से सीधे शंकरनगर स्थित विधानसभा अध्यक्ष के निवास पहुंचे। गौरतलब है कि 22 जुलाई से छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र प्रारंभ हो रहा है। सत्र के संबंध में उनसे चर्चा की है।

## गोठान शुरू करने की मांग, किया प्रदर्शन



**रायपुर।** तख्ती हाथ में लेकर गोठान को शुरू करने की मांग को लेकर रविवार को जिला कांग्रेस रायपुर के पदाधिकारियों ने रोड जाम कर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस खरोरा के तिल्दा रोड एवं धरसींवा बस स्टैंड में किया गया। इस मौके पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि किसान फसल चरी से परेशान हैं, रोड पर जानवर अपना अड्डा बनाए बैठे हैं, जिससे आने-जाने वाले लोग भी मोटरसाइकिल, ट्रक, कार एवं अन्य वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, जानवर भी मारे जा रहे हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर विगत 19 जुलाई को रायपुर कलेक्टर को भी मिलकर ज्ञापन सौंपकर गोठान शुरू करने की मांग की गई। प्रदर्शन में पूर्व सांसद छाया वर्मा, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर निषाद, भावेश बघेल, डालेंद्र वर्मा, घनश्याम वर्मा, चूड़ामणि साहू, सुरेंद्र गिलहरे, अंकित वर्मा, मुकेश भारद्वाज, निलेश चंद्रवंशी, बबलू भाटिया, जुबेर खान समेत अन्य शामिल रहे।

# चांदी के जेवरों की भी हॉलमार्किंग पर आज हो सकता है बड़ा फैसला

- हॉलमार्किंग कमेटी की बैठक में 9 कैरेट सोने के जेवरों पर भी होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ग्राहकों को चांदी के जेवर भी शुद्ध मिल सकें, इसकी कवायद प्रारंभ हो गई है। बीआईएस की हॉलमार्किंग कमेटी की सोमवार को होने वाली बैठक में चांदी के जेवरों की भी हॉलमार्किंग करने पर बड़ा फैसला होने की संभावना है। ऐसा होने से ग्राहक ठगे जाने से बच जाएंगे, भले उनको कुछ रुपए ज्यादा खर्च करने पड़ेंगे, लेकिन इस बात की गारंटी रहेगी कि वे जो चांदी के जेवर ले रहे हैं, वो शुद्ध चांदी के हैं। इस समय चांदी के जेवरों की शुद्धता की कोई गारंटी नहीं रहती। कई कारोबारी मिलावटी जेवर बेचते हैं और इनको परखने का कोई साधन नहीं है, लेकिन हॉलमार्किंग से शुद्धता की गारंटी हो जाएगी। इसी के साथ 9 कैरेट सोने के जेवरों को भी हॉलमार्किंग में शामिल करने की तैयारी है।

प्रदेश के सराफा कारोबारियों के मुताबिक, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत बीआईएस की हॉलमार्किंग कमेटी की 22 जुलाई की बैठक में चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य करने पर फैसला हो सकता है। इसी के साथ 9 कैरेट सोने के हॉलमार्क गहने बेचने की अनुमति पर भी विचार होगा। हालांकि इतने कम कैरेट वाले गहने छत्तीसगढ़ में नहीं बिकते, लेकिन ये देश के कई राज्यों में जरूर बिकते हैं।



### चांदी में भी अनिवार्य हो हॉलमार्किंग

सोने की तरह ही चांदी में हॉलमार्किंग को अनिवार्य करना चाहिए। ऐसा होने से ग्राहकों को फायदा होगा और उन्हें चांदी की शुद्धता की गारंटी सोने की तरह मिलेगी।
- **कमल सोनी,** अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन

### अभी चांदी में अनिवार्यता नहीं

अभी तक चांदी के हॉलमार्क जेवर बेचना अनिवार्य नहीं है। देश के कुछ राज्यों में जरूर कई सराफा कारोबारी बीआईएस से लाइसेंस लेकर हॉलमार्क जेवर बेच रहे हैं। ऐसे जेवरों में चांदी की शुद्धता 92.5% होती है। हॉलमार्किंग से चांदी के खोटे गहने बेचने वालों पर रोक लगेगी। अभी देश में 14, 18, 20, 22, 23 और 24 कैरेट सोने के हॉलमार्क जेवरों का कारोबार करने की अनुमति है। दुनियाभर में 9 कैरेट सोने के जेवर बड़ी तादाद में बिकते हैं। सोने की शुद्धता 9 कैरेट से कम होने पर इसे सोने की श्रेणी में नहीं रखा जाता।

### 100 ग्राम तक के जेवरों पर मिल सकती है छूट

राजधानी रायपुर के सराफा कारोबारी और रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, चांदी के जेवरों पर हॉलमार्किंग अनिवार्य होने पर इसमें सौ ग्राम तक के जेवरों को इससे अलग रखे जाने की संभावना है। सोने के जेवरों में भी दो ग्राम तक के जेवरों की हॉलमार्किंग जरूरी नहीं है। ऐसा होने से उन छोटे ग्राहकों को राहत रहेगी, जो बिछिया, पायल, चूड़ी, गले की चेन आदि छोटे-छोटे जेवर 5 से 10 तोले तक के खरीदते हैं।

# सस्ता टैरिफ लेने 10 दिनों में 11 हजार ने खरीदे बीएसएनएल सिम

- 15 अगस्त तक बीएसएनएल पूर्ण करेगा रायपुर में 4जी टॉवर लगाने का काम
- प्रदेश के हर गांव में 1500 करोड़ की लागत से 1670 मोबाइल टॉवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

निजी मोबाइल कंपनियों के रीचार्ज प्लान में हुई वृद्धि से लोग अब भारत संचार निगम लिमिटेड, यानी बीएसएनएल की ओर आकर्षित होने लगे हैं। बीते 10 दिनों में 11 हजार से अधिक ग्राहक निजी मोबाइल कंपनियों को छोड़कर अपना नंबर बीएसएनएल में पोर्ट करा रहे हैं।

वहीं हजारों लोग अब नई सिम भी ले रहे हैं। बीते दिन जिओ ने 25 प्रतिशत तो एयरटेल ने भी 21 प्रतिशत तक अपना टैरिफ प्लान बढ़ाया था, जिसका लाभ पूरे देशभर में बीएसएनएल को सर्वाधिक हुआ है। दोनों कंपनियों की तुलना में बीएसएनएल के दामों में वृद्धि नहीं हुई है। सस्ते प्लान के कारण अब छत्तीसगढ़ में रोजाना 10 हजार नए ग्राहक जुड़ रहे हैं। हरिभूमि ने बातचीत में महाप्रबंधक टीके मरकाम ने बताया कि नवा रायपुर के साथ-साथ शहर के भीतर टॉवर लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। निजी कंपनी का रीचार्ज महंगा होने से पुराने प्लान में ही बीएसएनएल वही सुविधा दे रहा है, इससे 25 प्रतिशत बचत हो रही है। 15 अगस्त के बाद लोगों को राजधानी में 4जी हाईस्पीड नेट कनेक्टिविटी की सुविधा मिलने लगेगी। 4जी की लांचिंग के बाद बीएसएनएल का सीधा मुकाबला निजी कंपनियों के साथ होगा।

*प्रदेश में 2.60 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता : प्रदेशभर में 2.60 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं। इनमें 1.60 शहरी और 90.9 लाख ग्रामीण उपभोक्ता हैं। रायपुर में 7 लाख यूजर्स हैं। संचार मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय के मुताबिक, प्रदेश के 8507 आदिवासी गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी मिल चुकी है। इनमें से 8025 गांवों में 3जी-4जी मोबाइल कनेक्टिविटी मिल रही है। वर्तमान में प्रदेशभर में 14 हजार 664 मोबाइल टॉवर स्थापित हैं।*

BSNL Connecting India

*जुड़ रहे नए उपभोक्ता : निजी कंपनी के प्लान महंगा होने से बीएसएनएल के उपभोक्ता लगातार बढ़ रहे हैं। 10 दिनों में 11 हजार से अधिक लोगों ने सिम खरीदे हैं तो वहीं हजारों लोग पोर्ट भी करा रहे हैं। रायपुर एरिया में 15 अगस्त तक 4जी टॉवर का काम पूरा हो जाएगा।*
*- **टीएस मरकाम,** जीएम, बीएसएनल, रायपुर*

### 383 टॉवर कर रहे अपडेट

बीएसएनएल के ग्राहकों को अभी 3जी की सुविधा मिल रही है। वर्तमान में रायपुर शहर में 383 3जी टॉवर को 4जी में अपडेट किया जा रहा है। साथ ही बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 100 नए टॉवर लगाने का काम भी 80 फीसदी पूरा हो चुका है। एक महीने के बाद राजधानी में बीएसएनएल की 4जी सेवाएं शुरू हो जाएंगी। महाप्रबंधक ने बताया कि निजी कंपनी की तरह बीएसएनएल का रीचार्ज प्लान महंगा होने के कोई संकेत नहीं हैं। बता दें कि केंद्र सरकार के संचार मंत्रालय के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के हर गांव में मोबाइल नेटवर्क के लिए 1500 करोड़ की लागत से 1670 मोबाइल टॉवर लगाए जाएंगे। तीन सालों से यह कार्य चल रहा है।

# जिला कार्यसमिति में बनी नगरीय निकाय चुनाव के लिए रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति के बाद नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिलों की कार्यसमिति हो रही है। इसी कड़ी में रविवार को शहर जिला रायपुर की कार्यसमिति में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मंथन कर रणनीति बनाई गई। भाजपा नेताओं ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अभी से चुनाव के लिए जुटने कहा।

मुख्य वक्ता, विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, आप सभी रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ताओं को एक और संकल्प लेना है कि रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में ऐतिहासिक लीड बरकरार रखना और साथ ही निकाय चुनाव में भाजपा का परचम लहराना है। प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव द्वारा नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और भाजपा की सरकार बनने का बधाई प्रस्ताव रखा गया। राजनीतिक प्रस्ताव जिला महामंत्री सत्यम दुवा द्वारा लाया गया, जिसमें उन्होंने प्रदेश कार्यसमिति प्रस्ताव का समर्थन किया। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारियों के संबंध में कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें नगरीय निकाय चुनाव में जनता के बीच कैसे जाएं और अपनी पार्टी का पक्ष किस तरह रखें, इन विषयों पर प्रकाश डाला। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने लोकसभा चुनाव विश्लेषण पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## खबर संक्षेप



### शासकीय हाई स्कूल जगतरा के छात्रसंघ अध्यक्ष बने यशकुमार

**गुरूर।** शासकीय हाई स्कूल जगतरा में छात्र संघ का गठन किया गया। शाला के सभी विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए पदाधिकारियों का चुनाव किया। कक्षा 10वीं के छात्र यशकुमार यादव सबसे अधिक मत प्राप्त कर शाला नायक के पद पर निर्वाचित हुआ। आकांक्षा सोरी उप शाला नायक, क्रीड़ा प्रभारी किशन सलाम, सांस्कृतिक प्रभारी हर्षित एवं वाकेश्वरी, बागवानी तथा पेयजल प्रभारी योगिता यादव, मानसी टंडन, स्वच्छता एवं अनुशासन प्रभारी कृश टंडन एवं रूद्व निर्वाचित हुई। कक्षा नायक में 10वीं के लिए कावेरी व अमन नेताम, कक्षा 9वीं से प्यूश मसीह व धनराज मनोनित किये गए। संस्था के सभी व्याख्याताओं एसडी उईके, आरके सिन्हा, बीना होन्डे, आरके धुरवे को बनाया गया।

### यूथ व इको क्लब का किया गया गठन




**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा जिला बालोद में प्राचार्य आर के देवांगन के नेतृत्व में यूथ एवं इको का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली से किया गया। इसमें कक्षा नवमी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हर्षा देवांगन व्याख्याता ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के सुपरवाइजर एवं नोडल अधिकारी आर.डी.देवांगन एवं अजय पाठक थे। गणना अधिकारी के रूप में सी वासनिक, टी. एल.देवांगन, रेशमी साहू,चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा,हेपशीबा एंथोनी, अनुराधा,नेताम बिंदु, कुंदन आदि ने चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### फरार आरोपी को पुलिस ने सीवान से किया गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग से अनाचार करने के मामले में फरार चल रहे युवक को गिरफ्तार करने बिहार पहुची टीम की वाहन पेड से टकरा गई।हादसे में एएसआई घायल हो गया है। जिसके उपचार के बाद पुलिस ने आरोपी को अपने साथ लेकर भिलाई पहुची है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रोहन शर्मा 19 वर्ष के खिलाफ भिलाई नगर पुलिस थाने में अनाचार, पाक्सो के तहत जुर्म दर्ज है। आरोपी रोहन शर्मा नाबालिग के साथ अनाचार करने के बाद ग्राम गौरी थाना दरौली, जिला सिवान, बिहार फरार हो गया था। एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला ने आरोपी को पकड़ने टीम बिहार रवाना किया।

## निधन

### लतेल राम साहू



**साजा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व सेवानिवृत्त शिक्षक लतेल राम साहू उम्र 85 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। वे प्यारेलाल साहू के पिता कैशौ साहू के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## आयोजन : जिला एवं सत्र न्यायालय में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

# तीन नए कानूनों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला एवं सत्र न्यायालय बेमेतरा में छ.ग. राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर के निर्देशन में 21 जुलाई को प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में नवीन कानूनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्याशाला का शुभारंभ प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं उमेश कुमार उपाध्याय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं बार अध्यक्ष प्रणीश कुमार चौबे के द्वारा माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कार्यशाला के विषय को आलोकित करते हुए अपने विषय उद्बोधन में भारतीय न्याय संहिता 2023 के दण्ड के प्रवाधानों को विस्तार से समझाया और उन्होंने बताया कि अब नये कानून में कारावास के दण्ड के अतिरिक्त नवीन कानूनों में कुछ अपराधों के लिए दण्ड स्वरूप सामुदायिक सेवा का भी उपबंध किया गया है, जो न्यायालय द्वारा सजा के रूप में किसी भी अभियुक्त को प्रकरण के अनुसार दिया जा सकता है एवं नवीन कानून में जम्मू कश्मीर को सम्मिलित करते हुये अब नया कानून पूरे भारत वर्ष में लागू होगा।

उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के विषय पर कहा कि अब नये कानून के हत प्रथम सूचना रिपोर्ट ऑनलाईन के माध्यम से कोई भी कर सकता है और सूचना देने वाले को 3 दिवस के भीतर आकर प्रथम सूचना रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करना होगा। जो भी पुलिस द्वारा कार्यवाही किया जायेगा उसकी विडियोग्राफी किया जायेगा। पुलिस थाना के भारसाधक अधिकारी को इत्तिला प्राप्त होने पर उस अपराध की रिपोर्ट उस मजिस्ट्रेट को तत्काल भेजा जायेगा और यदि आवश्यक हो तो अपराधी का पता चलने और उसकी गिरफ्तारी के उपाय करने के उस स्थान पर स्वयं जायेगा या किसी अधिनस्त अधिकारियों को भेजेगा। कानूनों में परिवर्तन एक प्रगतीशील समाज का परिचायक है, जो यह बताता है, कि एक राष्ट्र का निर्माण समग्र रुप से न्यायिक धुरी पर चारों ओर हो रहा है। उनके द्वारा प्रक्रियात्मक विधियों में आये नवीन परिवर्तन व दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआर.पी.सी.) के प्रावधानों का तुलनात्मक व्याख्यान करते हुए प्रक्रिया को विस्तृत रुप से प्रतिभागियों के समक्ष रखा। और अधिवक्तागण से रुबरु होते हुए प्रतिभागियों के द्वारा पुछे गये समस्त प्रश्नों को भी बखूबी विस्तार पूर्वक समझाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि उपस्थित न्यायाधीशों अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों के माध्यम से यह लाभ आम जनता तक पहुंचेगा। द्वितीय सत्र का प्रारंभ भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विषय में गुलापन राम यादव, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं मोहम्मद जहाँगीर तिगाला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त नवीन कानून में इंग्लैण्ड तथा जूरी एवं असेसर जैसे शब्दों को नवीन कानून से हटा दिया गया है।

और अब साक्ष्य के रूप इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल अभिलेखों को भी दस्तावेजों के रूप में स्वीकार किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश अनिता कोशिमा रावटे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ट श्रेणी, श्रुति साहू व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, अभियोजन उप संचालक कंचन निर्मलकर पाटिल, समस्त अभियोजन अधिकारीगण, एल.ए.डी.सी. एस. चीफ दिनेश तिवारी, जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा एवं तहसील साजा के अधिवक्तागण उपस्थित रहे। एवं मंच संचालन निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के द्वारा किया गया तथा उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



# पारधी जनजाति में है बेटियों की सुरक्षा व सम्मान की बेहतर सामाजिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



छत्तीसगढ़ में निवासरत वनवासियों, आदिवासियों और जनजातियों के लोगों में अपने समाज की बेहतरी के लिए कई अनोखे तरीके आज भी प्रचलित हैं, जो उनके अपने सामाजिक संविधान से कमतर नहीं हैं। यहां निवासरत 42 जनजातियों में पारधियों की विशेष पहचान की गई है, जो छत्तीसगढ़ के अधिकांश जिलों में निवास करते हुए अपने पूर्व के व्यवसाय पशु-पक्षियों पक्षियों का शिकार करने, जिंदा पकड़ने और उनसे अपनी आजीविका चलाने के स्थान पर खेत-खलिहान, बांधों, नहरों, नदियों की तराइयों में उगे छिंद की कोमल पत्तियों से झाड़ू, चटाई, टोकरी आदि बेचकर अपने जीवन-यापन करने वाले पारधियों में अपनी बेटियों की सुरक्षा और सम्मान की बेहतर व्यवस्था है।

जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने ग्राम थनौद, करंजा भिलाई, रिंगनी, देवबलौदा, चिरपोटी, माड़ीतराई, नंदौरी, शिकारी बीजा, गोंड बीजा, बघेरा, अखरा, गनियारी, कुथरेल, केम्प-एक भिलाई, रानीतराई, पावरहाउस सहित अन्य स्थान की पारधी जनजाति के प्रमुख लोगों से अपने समुदाय विस्तार सेवा के अंतर्गत निरंतर संवाद करते हैं। इस दौरान उनकी सामाजिक व्यवस्था, लोक संस्कृति, जनजीवन, लोक पर्व, देवी-देवताओं, लोक अनुष्ठान, विलुप्त होती भाषिक संपदाओं, लोक साहित्यिक परंपराओं आदि का शोधपरक आलेख तैयार कर रहे हैं। इसी कड़ी में विगत दिनों थनौद में गोत्र परंपरा की चर्चा की गई। इस दौरान पारधी जन गेंदु, युवा कार्यकर्ता डॉ. अमित पारधी ने बताया कि भारतभर में अलग-अलग नाम से पारधी समुदाय के लोग निवास करते हैं। पूरे छत्तीसगढ़ में साढ़े बारह गोत्रों के लोग निवास करते हैं। इनमें पुवार, सिसोदिया और सोलंकी मुख्य पारधी हैं।

**अंतर्जातीय विवाह पर बेटी को नए गोत्र का नाम देकर समाज में करते हैं शामिल:** उल्लेखनीय है कि संपूर्ण भारतीय समाजों में गोत्र परंपरा पुरुषों से प्रारंभ होती है। लेकिन, पारधियों में अपनी बेटी का किसी दूसरी जाति के युवक से विवाह कर लेने अर्थात मनपसंद शादी कर लेने पर वे अपनी बेटी को अपने समाज में एक नए गोत्र का नाम देकर शामिल कर लेते हैं। इस तरह उनकी गोत्र परंपरा निरंतर बढ़ती चली जाती है। इस सामाजिक व्यवस्था को वे आज भी बनाए रखे हुए हैं। इससे एक ओर जहां बेटी का किसी तरह से तिरस्कार नहीं होता। वहीं गोत्र की परंपरा निरंतर बढ़ती चली जाती है। जबकि पारधी युवतियों से विवाह करने वाले युवकों को उनके समाज से पृथक कर दिया जाता है। ऐसे में पारधी नए गोत्र बना कर अपने समुदाय में शामिल करते हैं। यह व्यवस्था पूरी तरह से भारतीय संविधान सम्मत है।

## वित्तीय साक्षरता पर हुई तीन दिवसीय कार्यशाला



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में 18 जुलाई से चल रही वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का 20 जुलाई को समापन हो गया।

पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में 50 जनजातीय एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। तीन दिन के इस कार्यशाला में बैंकिंग, बीमा, वित्त, टैक्स, साइबर अपराध आदि से संबंधित कुल 8 सेशन हुए। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को इन विषयों की जानकारी देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया। सांप सीढ़ी जैसे खेल के माध्यम से रोचक तरीके से वित्तीय प्रबंधन को समझाया गया। कार्यशाला का समन्वयन संजय कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य राजूलाल कोसरे के हाथों प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यशाला में पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय के टकेश्वर साहू, विकास साहू एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे।

## गुरुपूर्णिमा पर हुई सात्विक यज्ञ और चौकाआरती



**बालोद।** ग्राम मोहलाई में सद्गुरू श्री कबीरघाट धर्मानुरागी समिति द्वारा गुरूपूर्णिमा महोत्सव एवं सात्विक यज्ञ चौका आरती संपन्न हुई। जिसमें बारिश के बीच भक्त संत्संग का आनंद लेते दिखे। जिसमें महात्मा लेखचंद साहेब अपनी संत मंडली के साथ उपस्थित थे। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक डोंगरगांव विधानसभा दलेश्वर साहू अपनी पत्नी के साथ उपस्थित थे। अध्यक्षता विधायक गुण्डरदेही कुंवरसिंह निषाद ने किया। विशेष अतिथि पूर्व विधायक बीरेन्द्र साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, सदस्य जिला पंचायत बालोद नीतीश मोंटी गवालेद्र, सरपंच ग्राम पंचायत कोंगनी डेमिन जितेन्द्र साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत कोंगनी चुनुलाल साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कुरदी संजय कुमार निषाद, सरपंच ग्राम पंचायत धनगांव उत्तम निषाद उपस्थित थे।

## खलारी-मुंदेरा से तवेरा पहुंच मार्ग से गुजरना हुआ मुश्किल

# तीन किमी लंबी सड़क में सैकड़ों गड्ढे, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



शासन जहां गांव के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा देने के लिए गांव की सड़कों की निर्माण व मरम्मत की दावा करती है। लेकिन, सच तो यह है कि क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को लेकर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। यही हाल खलारी–मुंदेरा से तवेरा पहुंच मार्ग का है। ग्राम मुंदेरा सड़क जामगांव आर पाटन और राजधानी रायपुर जाने वाली इस एकमात्र सड़क जो कि कहने को तो पक्की सड़क है, लेकिन इसकी हालात गांव की कच्ची गलियों से भी बदतर है। 3 किलोमीटर की इस सड़क पर दो से ढाई फ़ीट गहरे अनगिनत गड्ढे हैं। इस सड़क पर चार पहिया छोटा वाहन का चलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल है। बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाता है। पानी भरने के कारण गड्ढे डबरी में तबदील हो जाते हैं।

### चुनाव बहिष्कार का लिया था निर्णय

सड़क निर्माण के लिए ध्यानाकर्षण करने मुंदेरा के ग्रामवासियों द्वारा लोकसभा चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया गया था। आज स्थिति यह है कि गांव के लोगों को सड़क के गड्ढों में भरे पानी को निकालने के लिए खुद परिश्रम करना पड़ रहा है।

## महंत लीलाधर दास को मिली डाक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**■ आईपीएसी द्वारा किया गया सम्मानित**





सद्गुरु पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनिनाम साहेब आचार्य कबीर पंथ धर्म नगर दामाखेड़ा के कृपा प्राप्त महंत लीलाधर दास अहिवारा दुर्ग को कला संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक सेवा करने के लिए के लिए 20 जुलाई को आईपीएसी द्वारा भारतीय संविधान क्लब नई दिल्ली में डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने उन्हें प्रमाण पत्र, अवार्ड व आईडी प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि महंत लीलाधर दास उर्फ लीलाधर साहू ने 1985 से मानस मंडली से जुड़कर अपने गायन वादन की शुरुआत की। उसके बाद लोक कला मंचों पर गायन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने प्रदेश के संस्कृति विभाग के सहयोग से दिल्ली के विभिन्न स्थानों के अलावा गुजरात, ओडीशा, मध्य प्रदेश सहित अनेक राज्यों में कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वर्तमान में वे प्रदेश साहू संघ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष के रूप में समाज की सेवा कर रहे हैं। इसके अलावा वे प्रदेश लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व लोक धरोहर सांस्कृतिक संस्था अहिवारा का निर्देशक व अध्यक्ष के रूप में संचालन कर रहे हैं।

## हमें स्वर्ग का आकर्षण तो है, किंतु मोक्ष का नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संत ऋषभ सागरजी म सा ने जीवन दर्शन पर आधारित सात दिवसीय शिविर जिसका शीर्षक है हम स्वर्ग धरा पर लायेंगे पर सोमवार को प्रथम दिन अपना संबोधन प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि हम मोक्ष और स्वर्ग के बारे में बचपन से सुनते आ रहे हैं। मोक्ष वह स्थान है जहाँ सुख–दुख, रोग–शोक, जन्म मृत्यु नहीं होती, आत्मा को सिर्फ आनंद की अनुभूति होती है,वहीं स्वर्ग के बारे में धारण है कि वहाँ सभी तरह की सुख की अनुभूति होती है दुख नहीं होता। दोनों में अंतर इतना है कि एक शरीर के स्तर की बात है तो दूसरा आत्मा के। हमें स्वर्ग का आकर्षण तो है किंतु मोक्ष का आकर्षण नहीं क्योंकि हम शरीर को आत्मा से ऊपर मान बैठे हैं ओर शायद इसीलिए भौतिक चीजों में ही सुख दिखाई देता है। ज्ञानी कहते हैं वाणी और व्यवहार से वर्तमान जीवन में भी स्वर्ग की अनुभूति की जा सकती है। कभी भारत ऐसा ही ऐसा ही देश था। सभी में संतुष्टि दिखाई देती थी, जहां अतिथि में भगवान दिखाइ देते थे अब वह इतिहास की बातें हो गई है, अब तो परिवार के बड़ों के प्रतिभी सम्मान एवं त्याग की भावना दिखाई नहीं देती।

## झलमला-कुसुमकसा मार्ग में दरारें ही दरारें

**कुसुमकसा।** झलमला से कुसुमकसा होकर मानपुर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 930के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य में बरती गई अनियमताओं की कलई विगत तीन दिनों से हो रही बारिश ने खोल दी है। कहीं, डामरीकृत सड़कों में दरार आ गई है, तो कहीं सड़क दबने लगी है। वहीं, किसानों के खेतों में बोई गई धान की फसल पर सड़क की मिट्टी-मुरूम बह कर आ रही है। इससे फसल खराब हो रही है। इसके अलावा ग्राम करियाटोला में निर्मित पुल के पास जिस ओर वाल का निर्माण किया गया है उसी और डामरीकृत सड़क में लम्बी दरारें आ गई है तो उक्त सड़क दबने भी लगी है। इसे देखकर दुर्घटना की आशंका को देखते हुए राजहरा पुलिस द्वारा बरसते पानी में बेरीकेट्स लगाया गया।

## स्पर्श हॉस्पिटल पर 24 लाख जुर्माना

**भिलाई।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आम जन के लिए एक अत्यंत ही महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत समस्त पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें प्रदाय की जा रही है। अपने आर्थिक लाभ की दृष्टि से कई अस्पताल नियमों की अवहेलना कर मरीजों के अधिकार (आयुष्मान कार्ड) का दुरूपयोग करते हुए शासन को गुमराह कर रहे हैं । इसी कारण शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियम विरुद्ध कार्य कर रहे अस्पतालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत वर्ष 2024 में अब तक कुल 48 अस्पतालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा चुकी है। जिसमें स्पर्श मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल भिलाई पर 24 लाख 44 हजार 700 का अर्थदंड लगाया गया है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

